CULTURE DEPARTMENT PMU TEAM

# NEWS COVERAGE REPORT OF CULTURE DEPARTMENT FOR 7 MARCH 2025

CULTURE DEPARTMENT PMU TEAM

# DAILY NEWS

## महाराष्ट्र के रामटेक में त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय रामायण कॉनक्लेव कल से

| Publication | दैनिक भास्कर<br>(नागपुर एडिशन) | Publishing Date : | 7 MAR 2025 | — |
|---|---|---|---|---|


दैनिक भास्कर

नागपुर जिला

### रामटेक में 3 दिवसीय रामायण कॉन्क्लेव आज से

**कवि सम्मेलन, अनूप जलोटा के भजनों की होंगी प्रस्तुति**





**संवाददाता** | रामटेक.

पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश, अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान, अयोध्या संस्कृतिक विभाग, उत्तर प्रदेश तथा मातोश्री काशीदेवी बहुदेशीय शिक्षण संस्था, रामटेक, नागपुर द्वारा श्रीराम अंतरराष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया है। 7 से 9 मार्च तक प्रतिदिन शाम 6.30 से रात 10.30 बजे तक नेहरू मैदान, रामटेक में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जानकारी के अनुसार श्रीलंका, नेपाल और भारत देश के 6 राज्यों में श्रीराम वनगमन पथ समेत 10 स्थानों पर आयोजन किया जा रहा है। 7 मार्च को शाम 5.30 बजे नेहरू मैदान में स्थल पूजन होगा। पश्चात 6.30 से 10.30 बजे तक काव्यार्चन अंतर्गत अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। जिसमें कवि डॉ.नरेंद्र मिश्र, 'धड़कन', चिरीमिरी, छत्तीसगढ़, संदीप शर्मा, धार, मध्यप्रदेश, स्वयं श्रीवास्तव, लखनऊ, निशा तिवारी, भिलाई, मनीष वाजपेयी, कामठी, रामवृक्ष मिश्रा, नागपुर, राजेंद्र शुक्ल 'सहज', बालाघाट, प्रमोद शाहू, 'पारखी', तुमसर हिस्सा लेंगे। 8 को संत विद्वत समागम संस्कृत विद्यापीठ, रामटेक में दोपहर 12 से 2 बजे तक, दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक रामायण आधारित प्रश्नोत्तरी, शाम 4 से 6 बजे तक नारीशक्ति महिला दिवस पर शिवाजी पुतला बस स्टैंड चौक से नेहरू मैदान तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर राम राज्य ढोल ताशा पथक अपनी प्रस्तुति देंगे। शाम 6 से 7.30 बजे नेहरू मैदान, रामटेक में सुरभी सिंह एवं टीम, लखनऊ द्वारा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति के बाद भजन गायक राजीव सिंह, भोपाल, प्रिया पाटीदार व स्वाति मिश्रा, मुंबई की भजन प्रस्तुति। 9 को भजन संध्या अंतर्गत शाम 6 से 8 बजे तक बंजारा सिस्टर्स, मंडला के भजनो की प्रस्तुति, रात 8 से 10.30 बजे तक पद्मश्री अनूप जलोटा, मुंबई अपने भजनों से समां बांधेंगे। सभी नागरिकों ने सांस्कृतिक महोत्सव में बड़ी संख्या में उपस्थित रहने की अपील संयोजक उदयसिंह उर्फ गज्जू यादव ने की हैं।



| Publication | अमर उजाला (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 7 MAR 2025 | Page-04 |
|---|---|---|---|---|

# महाराष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव आज से

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव के तीसरे चरण में महाराष्ट्र के रामटेक में 7 से 9 मार्च तक कार्यक्रम होंगे। पर्यटन व संस्कृति विभाग, अंतर्राष्ट्रीय रामायण व वैदिक शोध संस्थान की ओर से होने वाले इस कॉन्क्लेव में भक्ति, नृत्य, संगीत व काव्य का संगम होगा। संस्कृति व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया 7 मार्च को नेहरू मैदान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। 8 व 9 मार्च को भजन संध्या होगी। महिला दिवस पर आठ मार्च को नारी सम्मान शोभायात्रा निकाली जाएगी। 9 मार्च को अनूप जलोटा के भजनों के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। ब्यूरो

CULTURE DEPARTMENT PMU TEAM

| Publication | लोकमत समाचार (नगपूर एडिशन) | Publishing Date : | 7 MAR 2025 | Page-13 |
|---|---|---|---|---|

लोकमत समाचार

# रामटेक में अंतर्राष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव आज से

**रामटेक:** रामटेक में अंतरराष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव का 3 दिवसीय आयोजन 7 से 9 मार्च तक किया है. शुक्रवार को अंतराष्ट्रीय रामायण एवं शोध संस्थान उत्तर प्रदेश व मातोश्री काशीदेवी बहुउद्देश्यीय शिक्षण संस्था रामटेक की ओर से नेहरु मैदान व गंगाभवन में उद्घाटन किया जाएगा. इस महोत्सव में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, राज्यमंत्री आशीष जायस्वाल आदि उपस्थित रहेंगे. संयोजक उदयसिंह यादव, संतोष कुमार शर्मा आदि ने लोगों से कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की है. 7 मार्च को कवि सम्मेलन, 8 को शोभायात्रा व भजन गायन होगा. 9 मार्च को बंजारा सिस्टर्स मध्यप्रदेश व पदश्री अनूप जलोटा का भजन होगा.

| Publication | विधान केसरी (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 7 MAR 2025 | — |
|---|---|---|---|---|

# महाराष्ट्र के रामटेक में त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव

## रामवन गमन पथ से जुड़े प्रसंगों को जीवन्त किया जायेगा : जयवीर

**लखनऊ (विधान केसरी)**। अन्तर्राष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव के तीसरे चरण में महाराष्ट्र के रामटेक में 07 से 09 मार्च को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान द्वारा आयोजित कॉन्क्लेव में भक्ति, नृत्य, संगीत एवं कवियों का संगम देखने को मिलेगा। 07 मार्च को रामटेक के नेहरू ग्राउंड में होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, जिसमें छत्तीसगढ़ के नरेन्द्र मिश्र धड़कन और निशा आनंद, कामठी के मनीष वाजपेयी, नागपुर से रामवृक्ष मिश्रा, और मध्य प्रदेश के राजेन्द्र शुक्ल सहज, लखनऊ के स्वयं श्रीवास्तव और महाराष्ट्र के प्रमोद शाहू पारखी सरीखे सुविख्यात कवि अपनी रचनाओं की सरिता बहायेंगे। 08 मार्च और 09 मार्च को भव्य भजन संध्या होगी और रामटेक, नागपुर का नेहरू मैदान राम नाम की ऊर्जा से सराबोर होगा। मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे और राम आएंगे जैसे भजनों से हर घर को राममय बनाने वाली मुम्बई की स्वाति मिश्रा वातावरण में भक्ति के रंग घोलेंगी। तो वहीं भोपाल के राजीव सिंह भजनों की लड़ी से शाम को और मनमोहक बनाएंगे। महिला दिवस के उपलक्ष्य में छत्रपति शिवाजी महाराज स्मारक से नेहरू ग्राउंड तक नारी सम्मान शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम को सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका प्रिया पाटीदार सुरों की छटा बिखेरेंगी। 09 मार्च को पद्मश्री अनूप जलोटा के भजनों के साथ कार्यक्रम का भव्य समापन होगा। उत्तर प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि श्रीलंका, नेपाल एवं देश के 6 राज्यों व राम वन गमन पथ समेत 10 स्थानों पर अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। रामटेक ही वह जगह है, जहां राम वनवास के दौरान भगवान राम अगस्त्य ऋषि से मिले, शस्त्रों का ज्ञान लिया और यहीं पर अगस्त्य ऋषि ने राम को ब्रह्मास्त्र प्रदान किया था। यहीं पर भगवान राम ने राक्षसों के संहार की प्रतिज्ञा ली थी। ऐसे स्थानों के समृद्ध इतिहास से आज की पीढ़ी को परिचित कराना ही कॉन्क्लेव का उद्देश्य है। भगवान राम के त्याग, मयार्दा तथा लौकिक जीवन को जीवन्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

CULTURE DEPARTMENT PMU TEAM

| Publication | सावतंत्र चेतना (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 7 MAR 2025 | — |
|---|---|---|---|---|



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ......दै0 स्वतंत्र चेतना लखनऊ.................. दिनांक - 7 MAR 2025

## रामवन गमन पथ से जुड़े प्रसंगों को जीवन्त किया जायेगा:जयवीर सिंह

ब्यूरो प्रमुख

लखनऊ। अन्तर्राष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव के तीसरे चरण में महाराष्ट्र के रामटेक में 07 से 09 मार्च को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान द्वारा आयोजित कॉन्क्लेव में भक्ति, नृत्य, संगीत एवं कवियों का संगम देखने को मिलेगा। 07 मार्च को रामटेक के नेहरू ग्राउंड में होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, जिसमें छत्तीसगढ़ के नरेन्द्र मिश्र धड़कन और मिश्रा आनंद, कामठी के मनीष वाजपेयी, नागपुर से राजकुमार मिश्रा, और मध्य प्रदेश के राजेन्द्र शुक्ला मझला, लखनऊ के स्वयं श्रीवास्तव और महाराष्ट्र के प्रमोद शाह पारखी सरीखे सुविख्यात कवि अपनी रचनाओं की सरिता बहाएंगे। 08 मार्च और 09 मार्च को भव्य भजन संध्या होगी और रामटेक, नागपुर का नेहरू मैदान राम नाम की ऊर्जा से सराबोर होगा। मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे और राम आएंगे जैसे भजनों से हर जन को राममय बनाने वाली मुम्बई की स्वाति मिश्रा वातावरण में भक्ति के रंग घोलेंगी। तो वहीं भोपाल के राजीव सिंह भजनों की लड़ी से शाम को और मनमोहक बनाएंगे। महिला दिवस के उपलक्ष्य में छत्रपति शिवाजी महाराज स्मारक से नेहरू ग्राउंड तक नारी सम्मान शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम को सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका प्रिया पटीदार सुरों की छटा बिखेरेंगी। 09 मार्च को पद्मश्री अनूप जलोटा जी के भजनों के साथ कार्यक्रम का भव्य समापन होगा। उत्तर प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह ने कहा कि सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि श्रीलंका, नेपाल एवं देश के 6 राज्यों व राम वन गमन पथ समेत 10 स्थानों पर अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। रामटेक ही वह जगह है, जहां राम वनवास के दौरान भगवान राम अगस्त्य ऋषि से मिले, शस्त्रों का ज्ञान लिया।

| Publication | पुनीत संदेश<br>(लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 7 MAR 2025 | Page-03 |
|---|---|---|---|---|


# महाराष्ट्र के रामटेक में त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव

## रामवन गमन पथ से जुड़े प्रसंगों को जीवन्त किया जायेगा-जयवीर सिंह

पुनीत संदेश/संदीप सिंह चौहान

लखनऊ। अन्तर्राष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव के तीसरे चरण में महाराष्ट्र के रामटेक में 07 से 09 मार्च को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान द्वारा आयोजित कॉन्क्लेव में भक्ति, नृत्य, संगीत एवं कवियों का संगम देखने को मिलेगा। 07 मार्च को रामटेक के नेहरू ग्राउंड में होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, जिसमें छत्तीसगढ़ के नरेन्द्र मिश्र धड़कन और निशा आनंद, कामठी के मनीष वाजपेयी, नागपुर से रामवृक्ष मिश्रा, और मध्य प्रदेश के राजेन्द्र शुक्ल सहज, लखनऊ के स्वयं श्रीवास्तव और महाराष्ट्र के प्रमोद शाहू पारखी सरीखे सुविख्यात कवि अपनी रचनाओं की सरिता बहायेंगे।08 मार्च और 09 मार्च को भव्य भजन संध्या होगी और रामटेक, नागपुर का नेहरू मैदान राम नाम की ऊर्जा से सराबोर होगा। मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे और राम आएंगे जैसे भजनों से हर घर को राममय बनाने वाली मुम्बई की स्वाति मिश्रा वातावरण में भक्ति के रंग घोलेंगी। तो वहीं भोपाल के राजीव सिंह भजनों की लड़ी से शाम को और मनमोहक बनाएंगे। महिला दिवस के उपलक्ष्य में छत्रपति शिवाजी महाराज स्मारक से नेहरू ग्राउंड तक नारी सम्मान शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम को सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका प्रिया पाटीदार सुरों की छठा बिखेरेंगी। 09 मार्च को पद्मश्री अनूप जलोटा जी के भजनों के साथ कार्यक्रम का भव्य समापन होगा। उत्तर प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह ने कहा कि सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि श्रीलंका, नेपाल एवं देश के 6 राज्यों व राम वन गमन पथ समेत 10 स्थानों पर अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। रामटेक ही वह जगह है, जहां राम वनवास के दौरान भगवान राम अगस्त्य ऋषि से मिले, शस्त्रों का ज्ञान लिया और यहीं पर अगस्त्य ऋषि ने राम जी को ब्रह्मास्त्र प्रदान किया था। यहीं पर भगवान राम ने राक्षसों के संहार की प्रतिज्ञा ली थी। ऐसे स्थानों के समृद्ध इतिहास से आज की पीढ़ी को परिचित कराना ही कॉन्क्लेव का उद्देश्य है। भगवान राम के त्याग, मर्यादा तथा लौकिक जीवन को जीवन्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

CULTURE DEPARTMENT PMU TEAM

| Publication | सूर्योदय भारत (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 7 MAR 2025 | Page-03 |
|---|---|---|---|---|

# महाराष्ट्र के रामटेक में त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव

## रामवन गमन पथ से जु? प्रसंगों को जीवन्त किया जायेगा - जयवीर सिंह

**सूर्योदय भारत समाचार सेवा, लखनऊ**

अन्तर्राष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव के तीसरे चरण में महाराष्ट्र के रामटेक में 07 से 09 मार्च को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान द्वारा आयोजित कॉन्क्लेव में भक्ति, नृत्य, संगीत एवं कवियों का संगम देखने को मिलेगा। 07 मार्च को रामटेक के नेहरू ग्राउंड में होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, जिसमें छत्तीसग? के नरेन्द्र मिश्र ध ?कन और निशा आनंद, कामठी के मनीष वाजपेयी, नागपुर से रामवृक्ष मिश्रा, और मध्य प्रदेश के राजेन्द्र शुक्ल सहज, लखनऊ के स्वयं श्रीवास्तव और महाराष्ट्र के प्रमोद शाहू पारखी सरीखे सुविख्यात कवि अपनी रचनाओं की सरिता बहायेंगे।

08 मार्च और 09 मार्च को भव्य भजन संध्या होगी और रामटेक, नागपुर का नेहरू मैदान राम नाम की ऊर्जा से सराबोर होगा। मेरी झोप ?ी के भाग आज खुल जाएंगे और राम आएंगे जैसे भजनों से हर घर को राममय बनाने वाली मुम्बई की स्वाति मिश्रा वातावरण में भक्ति के रंग घोलेंगी। तो वहीं भोपाल के राजीव सिंह भजनों की ल ?ी से शाम को और मनमोहक बनाएंगे। महिला दिवस के उपलक्ष्य में छत्रपति शिवाजी महाराज स्मारक से नेहरू ग्राउंड तक नारी सम्मान शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम को सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका प्रिया पाटीदार सुरों की छठा बिखेरेंगी।

09 मार्च को पद्मश्री अनूप जलोटा जी के भजनों के साथ कार्यक्रम का भव्य समापन होगा। उत्तर प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह ने कहा कि सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि श्रीलंका, नेपाल एवं देश के 6 राज्यों व राम वन गमन पथ समेत 10 स्थानों पर अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। रामटेक ही वह जगह है, जहां राम वनवास के दौरान भगवान राम अगस्त्य ऋषि से मिले, शस्त्रों का ज्ञान लिया और यहीं पर अगस्त्य ऋषि ने राम जी को ब्रह्मास्त्र प्रदान किया था। यहीं पर भगवान राम ने राक्षसों के संहार की प्रतिज्ञा ली थी। ऐसे स्थानों के समृद्ध इतिहास से आज की पी ?ी को परिचित कराना ही कॉन्क्लेव का उद्देश्य है। भगवान राम के त्याग, मर्यादा तथा लौकिक जीवन को जीवन्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

CULTURE DEPARTMENT PMU TEAM

| Publication | Pranam Paryatan | Publishing Date : | 7 MAR 2025 | Online |
|---|---|---|---|---|

https://www.pranamparyatan.in/2025/03/ramtek-festival-in-maharashtra.html?m=1

मुख्यपृष्ठ • news • रामटेक में त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव: भक्ति, नृत्य और साहित्य का संगम

# रामटेक में त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव: भक्ति, नृत्य और साहित्य का संगम

प्रणाम पर्यटन 9:09 PM 0 टिप्पणियाँ




महाराष्ट्र का रामटेक एक ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है। यह वही पावन भूमि है, जहाँ भगवान श्रीराम अपने वनवास काल के दौरान अगस्त्य ऋषि से मिले थे और उन्होंने राक्षसों के संहार की प्रतिज्ञा ली थी। इस ऐतिहासिक धरोहर को जीवंत करने के उद्देश्य से ***त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय रामायण कॉन्क्लेव*** का आयोजन किया जा रहा है।

यह भव्य आयोजन **07 से 09 मार्च 2025** तक चलेगा और इसमें **भक्ति, नृत्य, संगीत, और काव्य** का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग और अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम भारतीय संस्कृति, परंपरा, और भक्ति को संजोने का एक बड़ा प्रयास है।

CULTURE DEPARTMENT PMU TEAM

# भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय वेबिनार का समापन

| Publication | अमर उजाला (लखनऊ एडिशन) | Publishing Date : | 7 MAR 2025 | Page-08 |
|---|---|---|---|---|

## कथक पर चर्चा के साथ वेबिनार का समापन

लखनऊ। भातखंडे संस्कृति विवि की पहल पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वेबिनार का समापन कथक पर चर्चा के साथ हुआ। दुबई की कलाकार पाली चंद्र ने कहा, डिजिटल माध्यम से इस नृत्य शैली की वैश्विक पहुंच को और मजबूत किया जा सकता है। दूसरे सत्र में अमेरिका की अर्चना जोगलेकर ने कथक शिक्षा में आने वाली वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा की। भातखंडे की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रुचि खरे ने कथक के आधुनिक शिक्षण में डिजिटल साधनों की भूमिका को रेखांकित किया। (संवाद)

# भुज में 'नवनाथ एवं नाथ परम्परा' पर राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर का शुभारम्भ

| Publication | दैनिक जनस्पर्श (गोरखपुर एडिशन) | Publishing Date : | 7 MAR 2025 | Page-01 |
|---|---|---|---|---|


गोरखपुर, शुक्रवार 07 मार्च 2025

दैनिक जनस्पर्श

## गुजरात के कच्छ प्रांत के भुज में नवनाथ एवं नाथ परम्परा नव दिवसीय राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर का शुभारम्भ

**संवाददाता**

लखनऊ/ भुज। भुज (गुजरात) स्थित सोनिस आर्ट गैलरी में 'नवनाथ एवं नाथ परम्परा' विषय पर नव दिवसीय राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर का उद्घाटन आज कच्छ मोरबी के सांसद श्री विनोद एल. चावड़ा ने किया। चित्रांकन शिविर में 11 मार्च तक नाथ परम्परा पर आधारित लगभग 20 चित्रों का रचनात्मक सृजन किया जाएगा। राजकीय बौद्ध संग्रहालय गोरखपुर (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) और कच्छ स्थित सोनिस आर्ट गैलरी के संयुक्त उपक्रम से राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कच्छ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ऑफ प्रेक्टिक्स ललित कला विभाग नवीन सोनी जी के नेतृत्व में नवनाथ परम्परा के विभिन्न पहलुओं को अपने कैनवास पर उकेरने और कला के माध्यम से इस परम्परा की गहराई और महत्त्व को उजागर किया जा रहा है। राजकीय बौद्ध संग्रहालय गोरखपुर के उप निदेशक डॉ. यशवन्त सिंह राठौर ने बताया कि भुज की सोनिस आर्ट गैलरी में 11 मार्च तक नाथ परम्परा पर चित्रों का ऑयल माध्यम में सृजन किया जाएगा। राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर के माध्यम से कच्छ(गुजरात) और उत्तर प्रदेश की चित्र शैली का भी आदान-प्रदान होगा इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह ने अपने संदेश में कहा कि इस आयोजन ने कच्छ एवं उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को एक नई दिशा दी है। 'नवनाथ एवं नाथ परम्परा' के चित्रण की जो पहल उत्तर प्रदेश और गुजरात राज्य ने की है वह राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उल्लेखनीय है कि 11 मार्च तक भुज में आयोजित होने के बाद, चित्रांकन शिविर का समापन पूर्णता के निमित्त गोरखपुर में 15 से 17 मार्च तक होगा। प्रदर्शनी में नवनाथ और नाथ परम्परा से जुड़े चित्रों का प्रदर्शन किया जाएगा। उद्घाटन अवसर पर माननीय कुलपति क्रांति गुरू श्याम जी कृष्ण वर्मा कच्छ विश्वविद्यालय प्रोफेसर मोहन भाई पटेल, काउन्सलर व सीनेट मेम्बर कच्छ विश्वविद्यालय श्रीमती रेश्मा बेन जवेरी, स्मृतिवन मेमोरियल संग्रहालय के निदेशक मनोज पाण्डेय, संग्रहालयाध्यक्ष बुलबुल जी, कच्छ संग्रहालय, दिव्य भास्कर कच्छ संस्करण के चीफ एडीटर नवीन भाई जोशी, कच्छ बुलियन एशोसियेशन प्रेसिडेंट जगदीश भाई जवेरी, संस्कार भारती गुजरात प्रांत के महामंत्री पंकज जाला, यूथ उपनिषद के संस्थापक दीपक भाई, चित्रकार जिगर भाई, कल्पना नवीन, मयूरी एवं स्थानीय इतिहासकार नरेश अंतानी व संजय ठाकर की गरिमामय उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



CULTURE DEPARTMENT PMU TEAM

| Publication | Nishpaksh Pratinidhi | Publishing Date : | 7 MAR 2025 | Online |
|---|---|---|---|---|

https://nishpakshpratinidhi.com/2025/03/06/kachh-prant-ke/

By : **Nishpaksh Pratinidhi** | Published Date : **6 Mar 2025 6:36 PM** | **52 views**

# कच्छ प्रांत के भुज में 'नवनाथ एवं नाथ परम्परा' नव दिवसीय राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर का शुभारम्भ



लखनऊ/ भुज-भुज (गुजरात) स्थित सोनिस आर्ट गैलरी में 'नवनाथ एवं नाथ परम्परा' विषय पर नव दिवसीय राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर का उद्घाटन आज कच्छ मोरबी के सांसद विनोद एल. चावड़ा ने किया। चित्रांकन शिविर में 11 मार्च तक नाथ परम्परा पर आधारित लगभग 20 चित्रों का रचनात्मक सृजन किया जाएगा।

CULTURE DEPARTMENT PMU TEAM

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Publication | Nishpaksh Pratinidhi | Publishing Date : | 7 MAR 2025 | Online |

https://www.cherishtimes.in/uttar-pradesh/68395

# गुजरात के कच्छ प्रांत के भुज में 'नवनाथ एवं नाथ परम्परा' नव दिवसीय राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर का शुभारम्भ

Cherish Times · 17 hours ago 12 1 minute read



लखनऊ/ भुज : भुज (गुजरात) स्थित सोनिस आर्ट गैलरी में 'नवनाथ एवं नाथ परम्परा' विषय पर नव दिवसीय राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर का उद्घाटन आज कच्छ मोरबी के सांसद श्री विनोद एल. चावड़ा ने किया। चित्रांकन शिविर में 11 मार्च तक नाथ परम्परा पर आधारित लगभग 20 चित्रों का रचनात्मक सृजन किया जाएगा।

CULTURE DEPARTMENT PMU TEAM

| Publication | Go Gorakhpur | Publishing Date : | 7 MAR 2025 | Online |
|---|---|---|---|---|

https://gogorakhpur.com/national-painting-camp-on-navnath-and-nath-tradition-inaugurated-in-bhuj/



## 11 मार्च तक नाथ परम्परा पर आधारित 20 चित्रों का होगा रचनात्मक सृजन